

## श्रीलंका ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी सौंपी, कोहली ने कहा हम भी यही चाहते थे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पुणे। पुणे टी20 इंटरनैशनल में श्रीलंका के कप्तान लसिथ मलिंगा ने टॉस जीतकर पहल गेंदबाजी करने का फैसला किया। टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने कहा कि वह भी इस मैच में पहले बल्लेबाजी ही करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि एक संतुलित टीम के लिए कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए वह पहले गेंदबाजी करती है या बल्लेबाजी। कोहली ने कहा, श्आज टीमें लक्ष्य का पीछा करना ज्यादा पसंद करती हैं लेकिन हम अपनी टीम के दूसरे पहलू को भी आजमाना चाहते थे।श

कोहली ने कहा कि हमारी टीम भी इसी बात का इशारा करती है। कोहली ने बताया कि उनकी टीम में तीन बदलाव हुए हैं। कोहली ने कहा कि टीम में ऋषभ पंत की जगह संजू सैमसन, कुलदीप यादव की जगह युजवेंद्र चहल और शिवम दूबे की जगह मनीष पांडे को शामिल किया गया है।

श्रीलंका ने भी अपनी टीम में दो बदलाव करके एंजेलो मैथ्यूज को अंतिम एकादश में लिया है जो 16 महीने बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय में खेलेंगे। भारत तीन मैचों की सीरीज में अभी 1–0 से आगे हैं। गुवाहाटी में पहला मैच बारिश के कारण रद्द करना पड़ा था जबकि भारत ने इंदौर में खेला गया दूसरा मैच सात विकेट से जीता था।

# चार दिन के टेस्ट पर चर्चाः कोहली और शास्त्री के साथ बीसीसीआई

### ज्यादातर खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट के पारंपरिक स्वरूप से छेड़छाड़ के पक्ष में नहीं

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आईसीसी की क्रिकेट समिति 4 दिन के टेस्ट मैच को लेकर चर्चा करेगी। लेकिन इस बात की पूरी संभावना है कि बीसीसीआई इस पर राजी नहीं होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इस मीटिंग में कप्तान विराट कोहली और कोच रवि शास्त्री के साथ जाने का फैसला किया है। ये दोनों पहले ही चार दिन के टेस्ट मैच वाले आइडिया का विरोध कर चुके हैं।

कोच और कप्तान साफ तौर पर कह चुके हैं कि वे टेस्ट क्रिकेट के पारंपरिक परिवेश को बनाए रखने के पक्ष में हैं और नहीं चाहते कि इसे पांच दिन से घटाकर चार दिन का किया जाए। दोनों ने अंदेशा जताया था कि अगर इस फॉर्मेट से साथ छेड़छाड़ की गई तो यह अपनी चमक खो बैठेगा।



बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि बीसीसीआई 12 जनवरी को मुंबई में होने वाले बोर्ड के अवॉर्ड समारोह के दौरान क्रिकेट आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (म्ब्) से इस पर चर्चा जरूर करेगा, लेकिन बोर्ड साफ तौर पर कप्तान और कोच के समर्थन में है। अधिकारी ने कहा, श्देखिए यह सही है कि आप इस मुद्दे पर सीए, ईसीबी और क्रिकेट साउथ अफ्रीका के साथ बात करें, और हम ऐसा ही करेंगे। लेकिन इस समय जैसी चीजें दिख रही हैं, हम कप्तान और कोच के साथ खड़े हुए हैं और टेस्ट मैच को पांच दिन से चार दिन का करने में हमें कोई तुक नजर नहीं आता।

उन्होंने कहा, यह सिर्फ हमारे कप्तान और कोच इसका विरोध नहीं कर रहे हैं। आप इंग्लैंड के कप्तान जो रूट, साउथ अफ्रीका के कप्तान फाफ डु प्लेसिस के बयान भी इस मसले पर सुन चुके होंगे। यह कम रैंक वाली टीमों के लिए एक विकल्प हो सकता है, लेकिन निश्चित तौर पर दो बड़ी टीमों के लिए नहीं। परंपरा से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए।

कोहली ने गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ खेले गए पहले टी20 मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाता सम्मेलन में चार दिन के टेस्ट मैच का विरोध किया था। कोहली ने कहा था, श्आप टेस्ट क्रिकेट में ज्यादा डे–नाइट टेस्ट का बदलाव कर सकते हैं। आप फिर सिर्फ आंकड़ों और नंबर की बातें कर रहे हैं। मुझे लगता है कि मंशा सही नहीं होगी, क्योंकि इसके बाद आप तीन दिन के टेस्ट मैच की बात कहने लगेंगे। आप कहां रुकेंगे? इसके बाद आप टेस्ट क्रिकेट को खत्म करने की बात कहेंगे।

# आरोन फिंच ने कहा, दिमाग से उतारना होगा बुमराह का हौव्वा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



मुंबई। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने शुक्रवार को कहा कि भारत के खिलाफ तीन वनडे इंटरनैशनल मैचों की सीरीज में उनकी टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा वे अपने दिमाग में जसप्रीत बुमराह का हौव्वा नहीं बनाए रखें।

फिंच के अनुसार भारत का प्रमुख तेज गेंदबाज सम्मान का हकदार है लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम के लिए यह महत्वपूर्ण होगा कि वह अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान दे। फिंच ने यहां पत्रकारों से कहा, 'मेरा मानना है कि खिलाड़ी जितना अधिक उसका सामना करेंगे उतना उन्हें पता चलता रहेगा कि वह कैसी गेंदबाजी करता है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम इसको लेकर ज्यादा हौव्वा न बनाएं।'

धमाकेदार बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के साथ पारी का आगाज करते हुए फिंच को बुमराह का सामना करना होगा। फिंच ने कहा, 'वह निश्चित तौर पर बेहतरीन गेंदबाज है। वह ऐसा गेंदबाज है कि जब आप उसके खिलाफ नहीं खेल रहे हों तो आप उसे गेंदबाजी करते हुए देखना पसंद करेंगे। वह तेज और आक्रामक गेंदबाज है और वह अपनी रणनीति पर बहुत अच्छी तरह से अमल करते हैं।' बुमराह तीन महीने तक चोट से बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे है और ऑस्ट्रेलियाई टीम 14 जनवरी से मुंबई में शुरू होने वाली सीरीज में उनका सामना करने को लेकर सतर्क हैं।

फिंच ने कहा, 'हम एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में क्या है हमें इस पर ध्यान देना होगा तथा प्रत्येक खिलाड़ी के कमजोर और मजबूत पक्ष होते हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई दमकलकर्मियों के लिए अपनी ड्रेस नीलाम करेंगी सेरेना विलियम्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑकलैंड। टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स ऑस्ट्रेलिया में जंगल में लगी आग बुझाने में लगे दमकलकर्मियों की मदद के लिए अपनी ड्रेस की नीलामी करेंगी। इस नीलामी से मिलने वाली राशि दमकलकर्मियों की सहायता के लिये जाएगी। इस महीने होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारियों के लिए डब्ल्यूटीए ऑकलैंड क्लासिक टूर्नामेंट में खेल रही सेरेना दुनिया के उन खिलाड़ियों की जमात में शामिल हो गईं, जो अपनी यादगार चीजों के अलावा नकद राशि दमकलकर्मियों के प्रयासों के लिए दे रहे हैं। 23 बार की ग्रैंडस्लैम चौंपियन ने शुक्रवार को कहा कि वह इस साल के पहले टूर्नामेंट में पहनी गई ड्रेस की नीलामी से मिलने वाली राशि दान में देंगी, जिस पर उनके हस्ताक्षर भी होंगे। नाइके ने उनके लिए विशेष रूप से यह ड्रेस बनाई थी और यह उन्होंने ऑकलैंड में पहले दौर में इटली की कैमिला जार्जी के खिलाफ पहनी थी। वह शुक्रवार को सेमीफाइनल में पहुंच गईं। सेरेना ने कहा, श्ऑस्ट्रेलिया में मेरे कई मित्र हैं। मैं अपने घर और ऑस्ट्रेलिया में हर दिन लोगों से पूछती रहती हूं कि मैं क्या कर सकती हूं? उन्होंने कहा कि वहां की जंगलों में आग लगना काफी दुखद है। यह नीलामी शनिवार को होगी।

## न्यूज डायरी



### रानी रामपाल 'वर्ल्ड गेम्स ऐथलीट ऑफ द इयर' के लिए नॉमिनेट हुईं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हॉकी की संचालन संस्था एफआईएच ने भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल को 'वर्ल्ड गेम्स ऐथलीट ऑफ द इयर' के लिए नॉमिनेट किया। हॉकी इंडिया ने बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय महासंघों द्वारा इस पुरस्कार के लिए 25 खिलाड़ियों को नामांकित किया गया है और एफआईएच ने रानी के शानदार प्रदर्शन और उनकी अगुआई करने की काबिलियत को देखकर उनका नाम इस पुरस्कार के लिए शामिल किया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष मोहम्मद मुश्ताक अहमद ने कहा, 'हॉकी इंडिया रानी के 'वर्ल्ड गेम्स ऐथलीट ऑफ द इयर 2019' के लिए नॉमिनेट किए जाने की खबर से बहुत खुश है। वह देश में कई के लिए प्रेरणास्रोत हैं।' विजेता का फैसला ऑनलाइन वोटिंग में किया जाएगा जो 30 जनवरी को समाप्त होगी। रानी ने भारत के पहली बार लगातार ओलिंपिक खेलों के लिए क्वॉलिफाइ करने में काफी अहम भूमिका निभाई।

### बोपन्ना–कूलहोफ की जोड़ी कतर ओपन फाइनल में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दोहा। भारत के रोहन बोपन्ना और नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ की जोड़ी ने शुक्रवार को हेनरी कोंटिनेन और फ्रांको स्कुगोर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी पर सीधे गेम में जीत से 1,465,260 अमेरिकी डालर की इनामी राशि वाले कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और कूलहोफ की तीसरी वरीय जोड़ी ने फिनलैंड और क्रोएशिया की जोड़ी को सेमीफाइनल में 7–5 6–2 से शिकस्त दी। बोपन्ना–कूलहोफ का सामना शनिवार को होने वाले फाइनल में ब्रिटेन के ल्यूक बैमब्रिज और मेक्सिको के सांटियागो गोंजालेज की जोड़ी से होगा। बैमब्रिज और गोंजालेज ने दूसरे सेमीफाइनल में डेनमार्क के फ्रेडरिक नीलसन और जर्मनी के टिम पुएट्ज को 2–6 6–2 10–4 से हराया।

### सेरेना और वोज्नियाकी आकलैंड क्लासिक के सेमीफाइनल में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** आकलैंड। तेईस बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सेरेना विलियम्स ने शुक्रवार को यहां लौरा सिगमंड को हराकर डब्ल्यूटीए आकलैंड क्लासिक के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सिगमंड ने अमेरिका की युवा कोको गॉफ को हराकर अंतिम आठ में जगह बनायी थी लेकिन उन्हें सेरेना ने 90 मिनट तक चले मुकाबले में 6–4 6–3 से मात दी। अब सेरेना की निगाहें तीन साल में पहला खिताब हासिल करने पर लगी हैं। सेरेना ने पिछला खिताब 2017 आस्ट्रेलियाई ओपन में जीता था। अब उनका सामना तीसरी वरीय अमांडा एनीसिमोवा और यूज्नी बुकार्ड के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से होगा। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में कैरोलिन वोज्नियाकी और जेसिका पेगुला की भिड़ंत होगी। पूर्व नंबर एक वोज्नियाकी ने गत चौम्पियन और टूर्नामेंट की चौथी वरीय जूलिया जार्जेस को क्वार्टरफाइनल में 6–1 6–4 से मात दी। पेगुला ने एलीजे कार्नेट के खिलाफ 6–0 3–2 से आगे चल रही थीं लेकिन फ्रांस की खिलाड़ी जांघ की चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हुई जिससे पेगुला सेमीफाइनल में पहुंचीं।

### चौरसिया हांगकांग ओपन में दूसरे और कपूर तीसरे स्थान पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हांगकांग। भारत के एसएसपी चौरसिया ने सात अंडर 63 का बेहतरीन स्कोर बनाया जिससे वह हांगकांग ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गये। चौरसिया ने पहले दिन पार स्कोर बनाया था। उनका कुल स्कोर अब सात अंडर है लेकिन वह 2017 के चौंपियन आस्ट्रेलिया के वेड ओर्मस्बी (66) से दो शॉट पीछे हैं। आस्ट्रेलियाई गोल्फर का स्कोर 36 होल के बाद दो अंडर है। चौरसिया ने अगर अंतिम नौ होल में पांच बर्डी जमायी तो एक अन्य भारतीय शिव कपूर ने आखिरी पांच होल में से तीन में बर्डी बनायी। उन्होंने 66 का कार्ड खेला जिससे वह छह अंडर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। चिराग कुमार, खालिन जोशी, जीव मिल्खा सिंह और विराज मदप्पा कट से चूक गये।